Seventeenth Loksabha

an>

Title: Regarding increasing pollution in Navi Mumbai,Maharashtra .

श्री राजन बाबूराव विचारे (ठाणे): आदरणीय अध्यक्ष महोदय जी, मैं आपको धन्यवाद देता हूं । …(व्यवधान) मेरे ठाणे लोक सभा क्षेत्र नवी मुंबई शहर में इस दौरान यहां बड़े पैमाने पर कंपनियों और कारखानों द्वारा अवैध रूप से छोड़े जा रहे दूषित पानी और धुएं के चलते प्रदूषण के खतरनाक स्तर से आगे पहुंचने की आशंका बढ़ गई है । …(व्यवधान) इसके कारण अस्थमा पीड़ित और सांस की तकलीफ से जुड़ी अन्य परेशानियों से जूझ रहे लोगों की मुश्किलें बढ़ गई हैं ।…(व्यवधान)

इससे लोगों की मुश्किलें बढ़ गई हैं । आम दिनों के मुकाबले हवा में धूल के कणों का दबाव अधिक होने से लोगों का घर से बाहर निकलना मुश्किल हो गया है । इसके अलावा मनपा की तरफ से इसका सर्वेक्षण किया गया था । इस दौरान भी हवा में धूल के कणों की मात्रा अधिक पाई गई है । धूल के कण नवी मुंबई के अंतर्गत आने वाले परिसर में आज ए.क्यू.आई. 200 तक हो गया है, घंसौली में 90.67 ए.क्यू.आई. है, जबकि तुर्भे में इसका आंकड़ा तकरीबन 170 ए.क्यू.आई. है ।

महोदय, अंत में आपसे अनुरोध करता हूं कि नवी मुंबई में बढ़ रहे इन धूल कणों के साथ कंपनियों द्वारा छोड़े जा रहे प्रदूषित धुआं और दूषित पानी को कम करने के लिए संबंधित विभाग को सख्त से सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दें ।